दैनिक
# उत्तराखण्ड प्रहरी


उत्तराखण्ड का सबसे विश्वसनीय मीडिया पार्टनर

वर्ष 15 /अंक 51 / पृष्ठ 8

हरिद्वार, गुरुवार, 20 अप्रैल 2023

uttarakhandprahari19@gmail.com | e-paper: uttarakhandprahari.com

RNI No. : - UTTHIN/2009/27592



अभिभावकों का आर्थिक शोषण व स्कूल

इस काम के लिए राज्य में निकलेगी बंपर भर्ती: धामी ...

मूल्य- 2 रु.

## विश्व के 30 देशों के डेलीगेट्स और सुरंग विशेषज्ञों सहित लगभग 350 प्रतिभागियों ने सेमिनार में किया प्रतिभाग

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो




### दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार डी.आई.टी. यूनिवर्सिटी देहरादून में हुआ आरम्भ

**देहरादून।** सुरंगों के डिज़ाइन, निर्माण एवं संचालन में नवीनतम विकास विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार आज डी॰आई॰टी॰ यूनिवर्सिटी देहरादून में आरम्भ हुआ। सेमिनार के उद्घाटन में केंद्रीय मंत्री सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय नितिन गड़करी द्वारा अपना रिकॉर्डेड संदेश प्रसारित किया गया। केंद्रीय राज्य मंत्री, सड़क परिवहन एवं नागरिक उड्डयन जनरल ( डा.) विजय कुमार सिंह, माननीय लोक निर्माण विभाग मंत्री सतपाल महाराज सड़क परिवहन मंत्रालय की सचिव अलका उपाध्याय (ऑन लाइन) लो नि वि के प्रमुख सचिव आर॰ के॰ सुधांशु, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारतीय सड़क कांग्रेस, विश्व रोड कोंग्रेस ( पियार्क), इंटरनैशनल टनलिंग एवं अंडरग्राउंड स्पेस असोसीएशन, एन॰एच॰एं॰आई, लोनिवि उत्तराखंड इत्यादि के अधिकारी एवं अभियंताओं के साथ विश्व के 30 देशों के डेलीगेट्स एवं सुरंग विशेषज्ञों के अलावा लगभग 350 प्रतिभागियों ने सेमिनार में प्रतिभाग किया। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में हो रहे इस सेमिनार को लेकर सभी अत्यंत उत्साहित दिखे। आज कुल 18 प्रेज़ेंटेशन प्रस्तुत किए गए। सभी महानुभावों ने अपने सम्बोधन में मितव्ययी, सुरक्षित, पर्यावरण अनुकूल नवीनतम सुरंग की तकनीक विकसित करने और इस क्षेत्र में विश्व में प्रयोग में लायी जा रही सर्वोत्तम तकनीक के प्रयोग करने की बात कही।

### आज के व्याख्यान में ये रहे मुख्य बिंदु

1. सड़क सुरंगो की डिज़ाइन पर वैचारिक योजना
२. सुरंगो के वेंटिलेशन एवं अग्नि सुरक्षा ३. सड़क सुरंगो की तकनीक में नवीनतम विकास
4. टिकाऊ सड़क सुरंग संचालन
5. सड़क सुरंगो में जीओटेक्निकल एवं जीओफ़िज़िकल जाँच
6. सुरंग निर्माण एवं संचालन में सुरक्षा के मुद्दे पर थे।

## चीन को पीछे छोड़ दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बना भारत

**नई दिल्ली।** भारत दुनिया में अब सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बन गया है। यूनाइटेड नेशंस पॉपुलेशन फंड (UNFPA) की रिपोर्ट के मुताबिक अब भारत की जनसंख्या 142 करोड़ 86 लाख है। वहीं चीन की जनसंख्या 142 करोड़ 57 लाख है। यानी हमारी आबादी चीन से करीब 30 लाख ज्यादा है। 2023 की शुरुआत में ही ग्लोबल एक्सपर्ट्स ने अनुमान लगाया था कि इस साल भारत सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश बन जाएगा। UN 1950 से दुनिया में आबादी से जुड़ा डेटा जारी कर रहा है। तब से यह पहला मौका है जब भारत की आबादी चीन से ज्यादा हुई है। चीन में 1950 के बाद से जन्म दर में लगातार बढ़ोतरी हो रही थी। पिछले साल इसमें कमी आई। 2021 में चीन की जन्म दर 7.52% थी। यह 2022 में घटकर 6.77% हो गई।




### चीन में 65 साल से ज्यादा उम्र वाले भारत से दोगुने

- *भारत में 14 साल तक की उम्र वाली 25% यानी करीब 35 करोड़ आबादी है। चीन में यह आंकड़ा 17% यानी 24 करोड़ है।*
- *भारत में 15 से 64 साल उम्र वाले 68% यानी करीब 97 करोड़ लोग हैं। चीन में यह आंकड़ा 69% यानी 98 करोड़ है।*
- *भारत में 65 साल से ज्यादा उम्र के 7% यानी करीब 10 करोड़ लोग हैं। वहीं, चीन में यह आंकड़ा 14% यानी करीब 20 करोड़ है।*

### चीन में भारत से ज्यादा जी रहे लोग

चीन में एवरेज लाइफ एक्सपेक्टेन्सी (जीवित रहने की संभावना) भारत से बेहतर है। चीन में पुरुषों की औसत उम्र 76 साल और महिलाओं की औसत उम्र 82 साल है। वहीं भारत में पुरुषों की औसत उम्र 74 साल और महिलाओं की औसत उम्र सिर्फ 71 साल है।

UNFPA इंडिया के प्रतिनिधि ने कहा कि भारत एक शक्तिशाली देश है। शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और आर्थिक विकास के मामले में यह लगातार आगे बढ़ रहा है। हम तकनीकी मामले में हर रोज नए-नए रिकॉर्ड्स बना रहे हैं।

### क्या बोला चीन?

भारत की आबादी 142.86 करोड़ हो गई है। ऐसे में भारत, चीन को पीछे छोड़कर दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन गया है। लेकिन, चीन को भारत की यह बढ़त रास नहीं आई है। चीन ने आबादी में भारत के नंबर एक बनने पर अपनी टीस जाहिर कर दी है। चीन ने आबादी वाली रिपोर्ट को तवज्जो नहीं देते हुए कहा कि उसके पास अब भी 90 करोड़ से अधिक लोगों का गुणवत्ता वाला मानव संसाधन है जो तेज गति से विकास कर सकता है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के ताजा आंकड़ों के अनुसार 142.86 करोड़ आबादी के साथ भारत ने इस मामले में चीन को पीछे छोड़ दिया है और सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश बन गया है।

### चीन में तेजी से घट रही आबादी

ली क्विंग ने मार्च में पद संभालने के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, "जनसांख्यिकीय लाभांश का आकलन करते समय हम केवल जनसंख्या के आकार को नहीं देखेंगे बल्कि उच्च क्षमता वाले कार्यबल के स्तर को भी देखेंगे।" चीन में जन्मदर कम होने और बुजुर्गों की बढ़ती आबादी के कारण जनसांख्यिकीय संकट बढ़ने के संदर्भ में ली ने कहा था कि चीन में करीब 90 करोड़ लोग कामकाजी आयु वाले हैं और हर साल डेढ़ करोड़ लोग इस कामकाजी वर्ग में जुड़ जाते हैं।

### चीन में 24 करोड़ लोग उच्च शिक्षा प्राप्त

उन्होंने कहा कि चीन में 24 करोड़ से अधिक लोग उच्च शिक्षा प्राप्त कर चुके हैं और कार्यक्षेत्र में आने वाले नौजवानों की औसत शिक्षा अवधि बढ़कर 14 साल हो गयी है। चीन का जनसांख्यिकीय संकट 2022 में गहरा गया था जब जन्मदर प्रभावित हुई।

### चीन की आबादी कितनी है

*चीन की आबादी 142.57 करोड़ है और वह दुनिया का दूसरा, सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश हो गया है। इस रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, "जब किसी देश के जनसांख्यिकीय लाभांश का आकलन किया जाता है तो हमें केवल जनसंख्या के आकार पर नहीं बल्कि उसकी जनसंख्या की गुणवत्ता को भी देखना होता है।"*

## सूडान में भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न देशों के साथ समन्वय कर रहा भारत



**नयी दिल्ली, (भाषा)।** भारत हिंसा प्रभावित सूडान में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अमेरिका, ब्रिटेन, सऊदी अरब सहित विभिन्न देशों के साथ करीबी समन्वय कर रहा है। सरकारी सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उस देश में जमीनी हालात गंभीर हैं और इस समय लोगों की आवाजाही जोखिम भरी होगी।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने हिंसाग्रस्त सूडान की स्थिति पर सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के विदेश मंत्रियों के साथ चर्चा की और भारतीयों की सुरक्षा के लिए व्यावहारिक सहयोग देने का भरोसा दिया। ज्ञात हो कि सूडानी सेना और एक प्रतिद्वंद्वी अर्धसैनिक बल के बीच पिछले सप्ताहांत में शुरू हुए संघर्ष के बाद से वहां अभी तक कम से कम 270 लोगों की जान जा चुकी है। भारत, सूडान में हिंसा की स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए है, खास तौर पर ऐसी स्थिति में जब वहां रह रहे भारतीयों की सुरक्षा को लेकर चिंता है।

## आवश्यक सूचना

'उत्तराखंड प्रहरी' के सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि आप अपने प्रिय अखबार 'उत्तराखंड प्रहरी' महाभियान में शामिल हो सकते हैं। आप अपने द्वारा लिखी गई कोई भी संरचना, कविता, कहानी, लेख या कार्यक्रम हमसे साझा कर सकते हैं। अच्छे लेख व कहानी को 'उत्तराखंड प्रहरी' में उचित स्थान दिया जाएगा। आप अपने प्रियजनों को जन्मदिन, सालगिरह या अन्य शुभ अवसरों पर बधाई संदेश भी दे सकते हैं।

आप हमें ईमेल

uttarakhandprahari19@gmail.com या whatsup no 8077771906 पर भी भेज सकते हैं।

# संपादकीय

## राजनीति के 'अतीक जी'

माफिया अतीक अहमद कई राजनीतिक दलों और नेताओं के 'अतीक जी' हैं। बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का मानना है कि जनाजा 'अतीक जी' का नहीं, कानून का निकला है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अतीक-अशरफ पर जानलेवा हमले को 'भारत के संविधान पर हमला' करार दिया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, बसपा प्रमुख मायावती और ओवैसी सरीखे नेताओं की फेहरिस्त लंबी है, जो अतीक-अशरफ की हत्या को 'लोकतंत्र की हत्या' मान रहे हैं। यह सबसे विरोधाभासी उपमा है। अतीक कब लोकतंत्रवादी था? जरा इस सवाल की व्याख्या वे नेतागण कर दें, जो आज रुदाली-प्रलाप में डूबे हैं। दुहाई यह दी जा रही है कि किसी भी अपराधी और माफिया को सजा देने का दायित्व और अधिकार अदालत और कानून-संविधान का है। कमोबेश हमारी सोच भी यही है कि देश कानून-संविधान से ही चलना चाहिए। हम मुठभेड़ी हत्याओं और सरेआम लाशें बिछा देने की करतूतों के खिलाफ हैं, लेकिन ऐसा हरेक सरकार में होता रहा है। विपक्ष में आते ही विस्मृति छाने लगती है। गौरतलब यह है कि किसी निचली अदालत के नहीं, बल्कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 10 न्यायाधीश इतने खौफजदा थे कि उन्होंने अतीक से जुड़े आपराधिक मामलों की सुनवाई से ही इंकार कर दिया था। उन न्यायाधीशों के नाम आज सार्वजनिक हो चुके हैं। संदर्भ 2010 और उसके बाद के हैं। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने अतीक के केस जिस भी न्यायमूर्ति को सुनने के लिए दिए, उसी ने हाथ खड़े कर दिए। सुनवाई से अलग ही रहे। किसी अन्य न्यायाधीश को रेफर करने का आग्रह किया। नतीजतन अतीक के खिलाफ करीब 44 सालों तक कोई भी अदालती फैसला नहीं आ सका। कानून अप्रासंगिक बनकर रह गया। अतीक अपराध करता रहा। माफिया भी बन गया। हत्याओं के केस लगातार दर्ज होते रहे। ज़मीनों पर कब्जे किए जाते रहे। फिरौतियां वसूली गईं। वह जेल तो गया, लेकिन किसी भी कानून ने उसे सजा नहीं सुनाई।

अतीक पांच बार विधायक चुना गया। 2004 में सपा के टिकट पर उस फूलपुर सीट से लोकसभा सांसद चुना गया, जो देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की परंपरागत सीट हुआ करती थी। अतीक ने 2008 में केंद्र की मनमोहन सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के दौरान सरकार के पक्ष में वोट दिया और कांग्रेस नेतृत्व की सरकार बचाई। उस अभियान में मुलायम सिंह-अमर सिंह ने अग्रणी भूमिका निभाई थी। अतीक के जरिए ही राजनीति का अपराधीकरण भी खूब बढ़ा, क्योंकि उप्र में सपा सरकार ने 2 बार, कांग्रेस सरकार ने एक बार और भाजपा गठबंधन की सरकार ने भी एक बार, अतीक के खिलाफ, 'गैंगस्टर एक्ट' वापस लिया था।

कानून का मजाक उड़ाया गया। अतीक ने माफियागीरी से करीब 11,000 करोड़ रुपए की संपदा बनाई। मौजूदा उप्र सरकार और पुलिस का दावा है कि उसने अतीक गैंग की 1169.20 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्तियों का जब्तीकरण और ध्वस्तीकरण किया है। किसी कानून और जांच एजेंसी ने आकलन करने की हिम्मत की थी कि माफिया अतीक के पास इतनी संपदा कहां से और कैसे आई? कानून तो मानो अतीक का बंधक बना था। नेतागण आज किस कानून की दुहाई दे रहे हैं? ऐसी स्थितियों और समीकरणों में कानून और अदालतें क्या कर सकती थीं? जिन बिल्कुल नए नौजवान चेहरों ने गोलीबारी कर अतीक-अशरफ की हत्या की है, सवाल उनके संदर्भ में भी हैं।

# अभिभावकों का आर्थिक शोषण व स्कूल

डा. वरिंदर भाटिया



देश के स्कूलों मे दाखिला शुरू है। इसके साथ ही कुछ स्कूलों द्वारा किताबों-कापियों व ड्रेस इत्यादि को बेचने की आड़ मे अभिभावकों का आर्थिक दोहन शुरू हो चुका है। पंजाब में तो राज्य के शिक्षा मंत्री द्वारा इस सम्बन्ध में कड़े आदेश भी जारी किए गए हैं। कितने शातिर तरीके से पूरे देश में स्कूलों द्वारा छात्रों के अभिभावकों को शिक्षा जैसे पवित्र मिशन की आड़ में लूटा जा रहा है, जानने की जरूरत है। सोशल और प्रिंट मीडिया पर अनेक खबरें कहती हैं कि देश के अनेक शहरों में कुछ कथित स्कूल संचालक स्कूल से अधिक स्टेशनरी एवं ड्रेस की दुकान से कमीशन के रूप में कमाई करते हैं। स्टेशनरी दुकानदार निजी प्रकाशकों की किताब अभिभावकों को दस गुना अधिक दाम पर बेच कर स्कूल संचालकों को 50 फीसदी तक कमीशन देते हैं। इसका अनुमान इससे लगाया जा सकता है कि देश के एक राज्य में मीडिया रिपोर्ट के अनुसार निजी प्रकाशक की 25 पन्ने की अंग्रेजी ग्रामर की किताब जिसकी कीमत महज 100 रुपए होनी चाहिए, उसमें 550 रुपए प्रिंट रेट डालकर अभिभावकों से मनमाने दाम वसूले जा रहे हैं। वहीं एक स्कूल की ड्रेस जिसकी ओपेन बाजार में कीमत अधिकतम एक हजार रुपए है, वह ड्रेस फिक्स दुकानों में अभिभावकों को 2500 रुपए में बेची जा रही है। स्कूलों द्वारा तय दुकानों पर किताबें और दूसरा शैक्षणिक सामान मिलना कमीशनखोरी में संलिप्तता को दर्शाता है।

ऐसे में कई रसूखदार और पहुंच रखने वाले स्कूल संचालकों के आगे कई बार जिला प्रशासन व शिक्षा अधिकारी भी चुप्पी साधकर बैठे रहते हैं। खुद को साफ-सुथरा छवि का संचालक मानने वाले इन कथित स्कूलों के जिम्मेदार मालिक कमीशन के लालच के आगे प्रशासन के निर्देश को रद्दी की टोकरी में डालकर मनमानी करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इन धंधेबाज कुछ स्कूल संचालकों के आगे मजबूर अभिभावक पुस्तक विक्रेता के हाथों लुटने को मजबूर हैं। यह देखा गया है कि कुछ स्कूल प्राइवेट पब्लिशर्स की किताबें लेते हैं। वे स्कूल प्रबंधन के साथ मिलकर पिछले साल की किताबों के अध्यायों को आगे-पीछे कर देते हैं, जबकि बोर्ड ने पाठ्यक्रम में कोई बदलाव नहीं किया होता। यह माता-पिता और बच्चों के साथ गलत किया जा रहा है। ऐसा इसलिए होता है ताकि वे सैकंड हैंड पुस्तकों का उपयोग न करें और नई पुस्तकों पर फिर से खर्च करें। इसलिए इसे रोकने की जरूरत है। माता-पिता या छात्रों को नई किताबें खरीदने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। स्कूल शिक्षा से जुड़ा कटु सत्य है कि आज कुछ स्कूल पैसा उगाही का एक भी मौका अपने हाथ से जाने नहीं देते। स्कूलों द्वारा नियमों को ताक पर रखकर पैसे की उगाही की जाती है। अघोषित रूप से कुछ स्कूलों ने कई ऐसे नियम बना रखे हैं जिन्हें न चाहते हुए भी पैरेंट्स को फॉलो करना पड़ता है। स्थिति ऐसी है कि पैरेंट्स स्कूल की इन मनमानियों के खिलाफ बोल भी नहीं पाते हैं।

पैरेंट्स में इस बात का भय रहता है कि अगर ऑन रिकार्ड कोई कंप्लेन दर्ज करेंगे, तो इसका खामियाजा बच्चों को भुगतना होगा। हालत ऐसे है कि देश के कई स्कूलों में कैंपस से ही किताब लेना कंपलसरी है। वहीं, कुछ स्कूलों ने पैरेंट्स को यह निर्देश दे रखा होता है कि खास दुकान से ही किताब और स्टेशनरी के सामान लें। पैरेंट्स अगर किताब लेना चाहते हैं, तो उन्हें कॉपी भी लेनी ही होगी। अगर कॉपी नहीं लेते हैं तो किताब भी नहीं मिलेगी। साथ ही कॉपियों का एक बंडल बना होता है। बंडल का साइज स्कूल के हिसाब से वैरी करता है। स्कूल कैंपस या फिर स्कूल की बताई दुकान से किताबें लेने पर कोई डिस्काउंट नहीं दी जाती है। आगरा से एक रिपोर्ट बताती है कि नर्सरी का बैग लेकर जा रहे एक अभिभावक का कहना था कि हम बच्चे को पहली बार स्कूल भेज रहे हैं। वो ए, बी, सी, डी और अ, आ, ई तक नहीं जानता, लेकिन बैग में हिंदी-इंग्लिश पोयम की किताबें हैं। इनकी कीमत 160 रुपए है। एक अभिभावक ने बताया कि उनके बच्चे ने नर्सरी पास की है। उनके पास करीब आधा दर्जन किताबें और कॉपियां ऐसी हैं जो स्कूल में मंगाई तक नहीं। वो कोरी रखी हैं। इनकी कीमत करीब डेढ़ हजार रुपए है। मगर स्कूल वालों ने बैग में जबरदस्ती हमें ये बुक दे दी हैं। रिपोर्ट बताती है कि एनसीईआरटी व स्टेट बोर्ड की किताबों का सेट अमूमन हजार-पंद्रह सौ रुपये के अंदर आ जाता है। वहीं, प्राइवेट प्रकाशकों की किताबें चार हजार रुपये से कम की नहीं मिलतीं। स्कूल शिक्षा में धंधे के चलते कुछ प्रकाशक अपनी किताबों को लागू कराने के लिए स्कूलों को कमीशन देते हैं। स्कूल भी दुकानदारों से कमीशन वसूलते हैं। स्कूल अभिभावकों को किताबों की लिस्ट थमा कर मौखिक तौर पर बता देते हैं कि उनको किस दुकान से किताबें खरीदनी हैं।

उत्तराखंड प्रहरी

कविता

## वक्त बड़ा अनमोल



कद्र करो वक्त की, तो वक्त बदल जाएगा।
कद्र करो अपनों की, तो रिश्ता संवर जाएगा।।
कद्र करो शब्दों की, तो ज्ञान निखर जाएगा।
कद्र करो दूसरों की,तो जीवन सुधर जाएगा।।
कद्र करो शीशे की, वरना बिखर जाएगा।
वक्त बड़ा अनमोल 'बेदी', वक्त बहुत कुछ बदल जाएगा।
कद्र कर लो वक्त के रहते वक्त की,वरना यह वक्त गुजर जाएगा।



सचिन बेदी अधिवक्ता, हरिद्वार

# जी-20 सम्मेलन धर्मशाला में होना सौभाग्य

प्रत्यूष शर्मा

पिछले साल यानी 2022 में एक दिसंबर का दिन एक महत्वपूर्ण दिन था क्योंकि इस दिन हमारे देश भारत ने इंडोनेशिया से जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण की थी। भारत एक दिसंबर 2022 से 30 नवंबर 2023 तक जी-20 की अध्यक्षता करेगा। हमारे देश के पास जी-20 की अध्यक्षता होना हमारे लिए एक सुनहरा अवसर है क्योंकि हमारा देश सभी की भलाई के लिए व्यावहारिक और वैश्विक समाधान ढूंढकर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाना चाहता है। ऐसा करने से वसुधैव कुटुम्बकम या 'विश्व एक परिवार है' की सच्ची भावना प्रकट होती है। दि ग्रुप ऑफ ट्वेंटी (जी-20) एक अंतर-सरकारी मंच है जिसमें अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ शामिल हैं। जी-20 सदस्य देश वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 85 प्रतिशत, वैश्विक व्यापार का 75 प्रतिशत से अधिक और विश्व जनसंख्या के लगभग दो-तिहाई का प्रतिनिधित्व करते हैं। वैश्विक आर्थिक और वित्तीय मुद्दों पर चर्चा करने के लिए वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों के लिए एक मंच के रूप में एशियाई वित्तीय संकट के बाद 1999 में जी-20 की स्थापना की गई थी। 2007 के वैश्विक आर्थिक और वित्तीय संकट के मद्देनजर इसे सरकार के प्रमुखों के स्तर पर अपग्रेड किया गया था और 2009 में अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग के लिए प्रमुख मंच नामित किया गया था। प्रतिवर्ष एक देश को जी-20 की अध्यक्षता सौंपी जाती है और फिर उस देश की अध्यक्षता और नेतृत्व में जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जाता है। जी-20 लोगो बहुत ही सुंदर ढंग से डिजाइन किया गया है। यह हमारे देश के राष्ट्रीय ध्वज के रंगों – केसरिया, सफेद और हरे और नीले रंग से प्रेरणा लेता है। यह हमारी पृथ्वी को कमल के साथ जोड़ता है।

कमल हमारे देश का राष्ट्रीय फूल भी है, जो चुनौतियों के बीच विकास को दर्शाता है। इस लोगो में 'पृथ्वी' बेहतरीन जीवन के लिए प्रकृति के साथ पूर्ण सामंजस्य वाले दृष्टिकोण को दर्शाती है। जी-20 लोगो के नीचे देवनागरी लिपि में 'भारत' लिखा हुआ है। भारत के जी-20 अध्यक्षता का विषय 'वसुधैव कुटुम्बकम' या 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' महा उपनिषद से लिया गया है। जी-20 की अध्यक्षता हमारे देश के अमृतकाल की शुरुआत का भी प्रतीक है। 15 अगस्त 2022 को इसकी स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ से शुरू होकर 25 साल की अवधि तक 2047 तक, देश की आजादी के 100 साल तक देश का अमृतकाल मनाया जा रहा है। समूचे भारत के लिए यह गौरव का विषय है कि दिसंबर 2022 से जी-20 देशों की अध्यक्षता करने की जिम्मेदारी भारत को मिली है। भारत की अध्यक्षता में देश भर में जी-20 की 200 से अधिक बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में भी 19 और 20 अप्रैल 2023 को होने वाली इस बैठक में दुनिया भर से आने वाले करीब 70 प्रतिनिधियों को हिमाचल प्रदेश की पहचान से जुड़े प्रतीकों से अवगत करवाया जाएगा। विभिन्न देशों से आए प्रतिनिधियों के स्वागत और प्रवास के दौरान स्थानीय संस्कृति से जुड़ी गतिविधियों और पारंपरिक तौर-तरीकों को ही महत्व दिया जा रहा है जो एक सराहनीय कदम है। विश्व पर्यटन पर विशेष पहचान बना चुके धर्मशाला में जी-20 बैठक का आयोजन कई मायनों में महत्वपूर्ण है।

वैद्यानिक सूचना

**उत्तराखंड प्रहरी** के संपादन में हम प्रयासरत है कि हमारी ओर से खबर में किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि न हो। हमारी कोशिश है कि अखबार में छपी किसी खबर, रिपोर्ट, फीचर या लेख से व्यक्ति विशेष, संगठन या समुदाय की भावना को ठोस न पहुंचे। **उत्तराखंड प्रहरी** में प्रकाशित लेख, विश्लेषण और साभार, ली गई सामग्री के विचार संबंधित लेखकों और रचनाकारों के निजी विचार हैं, न कि अखबार के। अतः सभी पाठकों से आग्रह है कि वे किसी सूचना, समाचार, विज्ञापनों आदि के आधार पर कोई फैसला करने से पहले तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। उसके लिए किसी भी प्रकार से लेखक, संपादक, प्रकाशक, प्रिंटर या विक्रेता को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है। तथा किसी भी कारोबारी और निज निर्णय के लिए **उत्तराखंड प्रहरी** जिम्मेवार नहीं होगा।

# इस काम के लिए राज्य में निकलेगी बंपर भर्ती, ग्राम्य विकास मंत्री में बैठक में की घोषणा

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो



**देहरादून।** ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने बुधवार को देहरादून सचिवालय स्थित वीर चंद्र सिंह गढवाली सभागार में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत राज्य रोजगार गारन्टी परिषद की समीक्षा बैठक की। बैठक में विभिन्न जिलों से आए उत्तराखंड राज्य रोजगार गारंटी परिषद के नामित सदस्यों द्वारा महात्मा गांधी नरेगा को राज्य के अंतर्गत अधिक बढ़ावा दिए जाने हेतु ब्लॉक स्तर पर स्टॉफ, कंप्यूटर ऑपरेटर, जे.ई की नियुक्ति, ग्राम स्तरों पर मनरेगा के तहत स्वच्छता कार्यों के अंशदान को बढ़ाए जाने, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत मनरेगा के तहत मजदूरी करने वाले श्रमिकों की संख्या बढ़ाए जाने, प्रत्येक पंचायत के मनरेगा के तहत विकास कार्य का टारगेट फिक्स किए जाने, निर्माण सामग्री में मिलने वाले अंशदान को बढ़ावा दिए जाने जैसे विभिन्न बिंदुओं पर कार्य किए जाने की बात कही। जिस पर ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि रोजगार गारन्टी परिषद की बैठक ग्रामीण क्षेत्रों के विकास हेतु अत्यधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा तहत कार्यों को बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकता है। केन्द्र एवं राज्य सरकार का मनरेगा में पंजीकृत ग्रामीण परिवारों को एक वित्तीय वर्ष में 100 दिन के अकुशल रोजगार की गारंटी देना ही प्राथमिकता है। निर्धनों के आजीविका संसाधनों के आधार को सुदृढ़ करने पर सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा अन्य विभागों के साथ परस्पर समन्वय बनाकर मनरेगा को और अधिक बढ़ावा देने पर कार्य किया जा रहा है। जल संरक्षण एवं जलसंवर्धन संबंधित कार्य, लघु सिंचाई संबंधित कार्य, अमृत सरोवर का निर्माण, जलागम प्रबंधन, भूमि उत्पादक में सुधार, मत्स्य पालन, बंजर भूमि का विकास, पशुबाड़ा निर्माण, कृषि उत्पादकों में वृद्धि, स्वयं सहायता समूह के आजीविका क्रियाकलापों हेतु वर्कशेड का निर्माण, ग्रामीण स्वच्छता संबंधित कार्य, ग्रामीण हाट, खाद्य भंडार गृह जैसे कार्य मनरेगा के अंतर्गत लगातार किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कृषि एवं संबंधित गतिविधियां, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन संबंधित कार्य एवं व्यक्तिगत लाभ के कार्यों को भी शीघ्रता से बढ़ावा दिया जा रहा है। मनरेगा के तहत व्यक्तिगत लाभ की श्रेणी में कार्य प्रतिशत बढ़ाए जाने हेतु लखपति दीदी सर्वे के आधार पर ऐसी स्वयं सहायता सदस्यों को 100 दिन का रोजगार सुनिश्चित किया जाए। जो कम प्रयासों से लखपति बन सकती हैं एवं प्रत्येक गांव में चरणबद्ध रूप से स्वयं सहायता समूहों के लिए वर्क शेड, कार्यालय एवं ग्रामीण विपणन केंद्र की स्थापना की जाए। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि आधार आधारित भुगतान प्रक्रिया (ABPS) में श्रमिकों के आधार और बैंक खातों की शत प्रतिशत सीडिंग और मैपिंग किया जाए जिससे कि श्रमिकों को भुगतान के समय परेशानी का सामना ना करना पड़े। उन्होंने कहा नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम (NMMS) के अंतर्गत मोबाइल ऐप के माध्यम से प्रत्येक कार्य में श्रमिक की दो बार (चार घंटे के अंतराल पर) उपस्थिति दर्ज की जाती है।

## आपदा की तैयारियों को लेकर आयोजित हुई बैठक में अधिकारियों को जारी किए आवश्यक दिशा निर्देश

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**देहरादून।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजीशरण शर्मा ने आपदा परिचालन केन्द्र में आपदा की तैयारियों के दृष्टिगत बैठक लेते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए साथ ही निर्देशित किया जनपद में आयोजित होने वाले मॉक अभ्यास की तैयारियों अलर्ट रहने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने समस्त रेखीय विभागों के अधिकारी को आपदा के दौरान आपसी समन्वय एवं त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए राहत बचाव कार्यों को सम्पादित करने के साथ ही घटना की पल-पल की सूचना आपदा परिचालन केन्द्र को साझा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा आपदा की सूचना त्वरित कार्यवाही करते हुए समस्त संसाधनों सहित घटना स्थल पर पंहुचकर रेस्क्यू आपरेशन सम्पादित किया जाए, जितनी जल्दी टीमें रिस्पांस करती है, आपदाग्रस्त क्षेत्र में फसें लोगों की जान बचाने की संभावना अधिक रहती है। इसलिए आपदा की सूचना पर त्वरित रिस्पांस आवश्यक है। उन्होंने बताया कि आपदा के दृष्टिगत सूचना आपदा परिचालन केन्द्र के टोलफ्री नं0 1077 पर दी जा सकती है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मुख्यालय शालिनी नेगी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सी.एस रावत, प्रधानाध्यापक महाराणा प्रताप स्पोर्टस कालेज राजेश ममगांई, सहायक निदेशक सूचना बी.सी नेगी, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सुरेश कुमार सहित पुलिस, एसडीआरफ, एनडीआरएफ सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## राकेश गोयल को बनाया गया अग्रवाल समाज का प्रदेश अध्यक्ष



उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** महाराजा अग्रसेन वैश्य समाज नगर हरिद्वार के अध्यक्ष राकेश गोयल को अग्रोहा विकास ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंगी गर्ग और उनकी कमेटी द्वारा उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है और उन्होंने उत्तराखंड में पूरे प्रदेश के सभी जिलों में जिला अध्यक्ष शहर अध्यक्ष नगर अध्यक्ष और सभी इकाइयों की नियुक्ति के लिए नियुक्ति पत्र प्रदेश अध्यक्ष राकेश गोयल को अग्रोहा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अग्रवाल स्मृति चिन्ह देकर और हरिद्वार से आए सभी अग्र बंधुओं का मालाएं और पटका पहना कर सम्मान करा प्रदेश में आगामी कार्यक्रम के लिए बधाई दी प्रदेश अध्यक्ष राकेश गोयल ने नियुक्ति के बाद संगठन का आभार व्यक्त करते हुए संबोधन के दौरान सभी को आश्वासन दिया कि पूरे प्रदेश में महाराजा अग्रसेन जी द्वारा प्रचलित सभी कार्यक्रम को सभी वैश्य बंधुओं परिवारों में और सभी नई पीढ़ी के लिए जन जागरूकता अभियान चलाकर प्रेरित करेंगे और जो हमारी सभी वैश्य बंधुओं की कर्म स्थली है सभी परिवारों को अग्रोहा धाम के बारे में प्रेरित करेंगे नई पीढ़ी को अपने समाज के बारे में जानकारी हो प्रदेश अध्यक्ष राकेश गोयल द्वारा प्रदेश में पहली बार समाज के सभी बंधुओं की अग्रोहा धाम यात्रा के लिए पूर्ण तहा निशुल्क यात्रा का आयोजन भी किया गया जिसको पूर्व विधायक संजय गुप्ता द्वारा हरी झंडी दिखा हरिद्वार से रवाना किया गया था और आगे भी इसी तरह के कार्यक्रम पूरे प्रदेश में चलाया जाएगा।

जिससे समाज का हर व्यक्ति अपने कर्म स्थली महाराजा अग्रसेन के दर्शन कर कुलदेवी का आशीर्वाद प्राप्त कर सकेंगे इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष राकेश गोयल महामंत्री राजकुमार भोला कोषाध्यक्ष राघव मित्तल अरविंद बबली ,ललित ,सुनील ,आशुतोष मित्तल राजकुमार गुप्ता सुनील गुप्ता मुकुट बिहारी अग्रवाल अरुण अग्रवाल तेज प्रकाश साहू अंकित बंसल हिमांशु गोयल अश्वनी गुप्ता विजय कुमार बंसल पंकज मित्तल सुनील अग्रवाल लल्लू भाई एवं अन्य अनेकों वैश्य बंधु परिवार के सभी सदस्य मौजूद थे।

## उद्घाटन से पहले ही डेढ़ करोड़ की लागत से बना कोविड-19 सेंटर होता दिख रहा है ध्वस्त

प्रमेंद्र कुमार / उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** बहादराबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बहादराबाद में डेढ़ करोड़ रुपए से बना चालीस बेड का कोविड-19 सेंटर शुरू होने से पहले ही दीवारों में दरार पड़ गई है। कोविड-19 की चौथी लहर को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने (सीएचसी) की पहली मंजिल पर सेंटर बनाया गया है। सेंटर की करीब-करीब सभी दीवारों के ज्वाइंट खुल गए है। दरारों में अंदर से बाहर का नजारा देखा जा सकता है। यही नही सेंटर की छत में लगी सीलिंग और खिड़कियां भी टूटकर नीचे गिर रही है। इस स्थिति में कभी भी कोई भी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

चार माह पहले परियोजना प्रबंधन निर्माण इकाई पेयजल संस्थान एवं निर्माण निगम द्वारा सेंटर को हस्तांतरित कर चुका है। 40 बैड का कोविड-19 सेंटर बनेगा। मरीजों को यहां पर भर्ती कराया जा सकेगा। सेंटर में पर्याप्त संख्या में डॉक्टर्स, नर्स, स्टाफ तैनात किया जाएगा और वेंटीलेटर के साथ ही ऑक्सीजन और कोविड-19 सबंधित सभी दवाइयां उपलब्ध रहेगी। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक करीब चार माह पहले निर्माण एजेंसी पेयजल विभाग ने कार्य पूरा कर स्वास्थ्य विभाग को कोविड-19 सेंटर सौंप दिया है। लेकिन तब से आज तक स्वास्थ्य विभाग के किसी बड़े अधिकारी या टेक्निकल टीम ने सेंटर का निरीक्षण करने की जहमत तक नहीं उठाई। जिसका परिणाम सरकारी धन की बंदर बांट साबित होता दिख रहा है। सीएचसी अधीक्षक सुबोध जोशी ने विवादास्पद तर्क दिया कि दरारें लिपाई-पुताई कर खत्म हो जाएगी। इसमें खतरे जैसी कोई बात नही है।



सेंटर शुरू होने से पहले ही दीवारों में पड़ गई है दरार

सेंटर की करीब-करीब सभी दीवारों के ज्वाइंट खुल गए है।



# जल संचय की दिशा में सबको मिलकर प्रयास करने होंगे : सीएम धामी

**ग्रीष्मकाल को ध्यान में रखते हुए पेयजल से संबंधित सभी समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के साथ किया जाए।**

**गंगा एवं उसकी सहायक नदियों को स्वच्छ बनाए जाने हेतु और अधिक कार्य करने की आवश्यकता है।**

सुमित तिवारी, (उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो)






**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सचिवालय में पेयजल विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रीष्मकाल को ध्यान में रखते हुए पेयजल से संबंधित सभी समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के साथ किया जाए। सभी जिलाधिकारी, पेयजल विभाग के अधिकारी जिलों में ग्राम स्तर तक पेयजल स्थिति का फीडबैक लें। गंगा एवं उसकी सहायक नदियों को स्वच्छ बनाए जाने हेतु और अधिक कार्य करने की उन्होंने आवश्यकता बतायी। गंगा नदी की स्वच्छता के क्षेत्र में हमारा राज्य मॉडल राज्य के रूप में सामने आए। इस दिशा में समेकित प्रयासों पर भी ध्यान दिये जाने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जल स्रोतों के पुनर्जीवन की दिशा में ठोस कार्य योजना बनाये जाने तथा रेन वाटर हार्वेस्टिंग की दिशा में कार्य किये जांय। इसे वर्क कल्चर में लाना जरूरी है। जल संचय की दिशा में सबको मिलकर प्रयास करने होंगे। इसमें जन सहयोग भी जरूरी है। उन्होंने कहा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में वाटर मीटर लगाएं जांए। जल संरक्षण के लिए दीर्घ कालीन विकास योजनाओं पर कार्य किया जाए। प्रदेश में जल संचय एवं नदी की स्वच्छता हेतु स्वच्छता समितियां बनाकर लोगों को जागरूक किया जाए। जन सहभागिता से होने वाले कार्यों के अच्छे परिणाम मिलते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी चारधाम यात्रा के दृष्टिगत जलापूर्ति के लिए सुनियोजित व्यवस्था की जाय । चारधाम यात्रा मार्गों पर उच्च गुणवत्ता के पर्याप्त वाटर एटीएम लगाये जाए। वाटर एटीएम के साथ पानी की गुणवत्ता को भी डिस्प्ले किया जाय। चारधाम यात्रा आस्था का प्रतीक है। देश विदेश से लाखों श्रद्धालु देवभूमि उत्तराखण्ड आते हैं। श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि यात्रा मार्गों पर सुलभ शौचालयों में पर्याप्त पानी की उपलब्धता रहे। मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत भी जलापूर्ति के लिए वाटर एटीएम/नलकूप की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने नमामि गंगे योजना के अंतर्गत राज्य में गंगा की निर्मलता एवं स्वच्छता के लिए किये जा रहे कार्यों में गंगा एवं उसकी सहायक नदियों को स्वच्छ बनाए जाने हेतु और अधिक प्रयासों की जरूरत बतायी। गंगा नदी की स्वच्छता के क्षेत्र में हमारा राज्य मॉडल राज्य के रूप में सामने आए। हमारे राज्य से गंगा साफ निर्मल बहे ये सभी राज्य वासियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा राज्य के अंदर नदियों में सीवर का पानी, कूड़ा एवं गंदगी फैलाने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाए। नमामि गंगे योजना के तहत गंगा एवं उसकी सहायक नदियों पर प्रस्तावित योजनाओ की डीपीआर तैयार कर केन्द्र को भेजे जाने में भी शीघ्रता बरती जाए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जल जीवन मिशन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट है। जल जीवन मिशन के कार्यों में और तेजी लाई जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि जल जीवन मिशन के तहत जिन घरों में नल लग चुका है, उनमें शुद्ध गुणवत्ता युक्त पेयजल उपलब्ध हो। हर घर नल, हर घर जल पहुंचाने के लिए अभियान चलाया जाय। पेयजल की उपलब्धता के लिए जो व्यावहारिक दिक्कते आ रही हैं, उनका शीघ्रता से समाधान किया जाए। ग्रीष्मकाल में प्रदेश के किसी भी जनपद में पेयजल की कमी न हो, इसके लिए उपलब्ध साधनों के साथ ही शीघ्र ही प्रत्येक जनपद को अतिरिक्त वाटर टेंकर उपलब्ध कराये जाएं। गर्मियों में पेयजल समस्या का समाधान एक बड़ी चुनौती है। इसके समाधान के लिये समेकित प्रयास किये जाए।

# सिद्धरमैया ने वरुणा से नामांकन पत्र दाखिल किया, कहा मेरा अंतिम चुनाव



**मैसुरु (कर्नाटक)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को मैसुरु जिले की वरुणा विधानसभा सीट से नामांकन पत्र दाखिल किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह उनका आखिरी चुनाव है और उन्होंने एक तरह से अपने उत्तराधिकारियों को आगे लाने का संकेत दिया।

राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सिद्धरमैया (75)ने संकेत दिया कि उनके बेटे और पौत्र उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी होंगे। उन्होंने कहा, यह मेरा अंतिम चुनाव है, उसके बाद यतींद्र (पुत्र) और धवन राकेश (पौत्र) हैं। सिद्धरमैया के बेटे डॉ यतींद्र सिद्धरमैया वरुणा से मौजूदा कांग्रेस विधायक हैं। आठ बार विधायक रह चुके सिद्धरमैया वरुणा से दो बार चुनाव जीत चुके हैं और 2008 में यहां से जीत हासिल करने के बाद विधानसभा में विपक्ष के नेता बने। वह 2013 के विधानसभा चुनाव में जीत के बाद मुख्यमंत्री बने थे। सिद्धरमैया ने नामांकन दाखिल करने से पहले विभिन्न मंदिरों में दर्शन किए।

उन्होंने मैसुरु की चामुंडी पहाडयों पर प्रसिद्ध चामुंडेश्वरी मंदिर में भी दर्शन किए और एक जनसभा को संबोधित किया। खुद को माटी का लाल बताते हुए सिद्धरमैया ने जनसभा में कहा कि यह उनका आखिरी चुनाव होगा। उन्होंने कहा कि यह चुनाव लडने के बाद वह चुनावी राजनीति से संन्यास ले लेंगे, राजनीति से नहीं।

सिद्धरमैया ने जब अपने दिवंगत बड़े बेटे राकेश सिद्धरमैया के पुत्र धवन राकेश का नाम लिया तो भीड़ ने नारे लगाना शुरू कर दिया। भीड़ के शोर के बीच सिद्धरमैया ने कहा, राजनीति में आने के लिए उन्हें 25 साल का होना चाहिए। अभी आठ साल हैं। उनकी पढ़ाई पूरी नहीं हुई है। पढ़ाई पूरी करने के बाद ही राजनीति होगी। उसके लिए आपका वही प्यार और लगाव है जो राकेश के लिए था। वह यहां बहुत लोकप्रिय था।

भारतीय जनता पार्टी ने निवर्तमान सरकार में मंत्री वी सोमन्ना को वरुणा से सिद्धरमैया के विरुद्ध उतारा है।

# ग्राम प्रधानों ने क्षेत्र पंचायत की बैठक में उठाया ग्रामीणों की समस्याओं का मुद्दा

## बैठक में क्षेत्र पंचायत के 109 ओर अन्य विभागों के 18 प्रस्ताव आए।



उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

बहादराबाद। सभागार ब्लॉक बहादराबाद क्षेत्र पंचायत की बैठक में ग्राम प्रधानों ओर क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने गांवो कि समस्याओं को प्रमुखता से उठाया ।लेकिन बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों के न आने से जनप्रतिनिधियों को निराशा हाथ लगी ।बुधवार को बहादराबाद क्षेत्र पंचायत की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में क्षेत्र पंचायत के 109 ओर अन्य विभागों के 18 प्रस्ताव आए। बैठक में जन प्रतिनिधियों ने अपने अपने गांव की समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया अधिकारियों ने भी जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त किया। उनकी समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाएगा। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने जेल निगम के अधिकारियों को खरी खोटी सुनाई। जन प्रतिनिधियों का कहना था कि जल निगम के ठेकेदारों ने। सड़के खोद कर डाल रखी है लेकिन उनकी मरम्मत नहीं कर रहा है। आंगनबाड़ी केंद्रों पर बिजली ओर पानी के कनेक्शन न होने का मुद्दा जिला पंचायत प्रतिनिधि चमन चौहान ने उठाया। उन्होंने बांग्ला स्थित राधिका कालोनी कि पानी की समस्या का मुद्दा भी उठाया। राशन कार्ड बनाने में हो रही धाध्ली पर अधिकारियों ने बताया कि इसके जांच कमेटी बनाई जा चुकी है ।जो गांव गांव जाकर फर्जी राशन कार्डो कि जांच करेगी। स्कूलों में एनसीईआरटी कि किताबो से अलग किताबे लगने ओर प्रत्येक वर्ष एडमिशन फिस लेने का मुद्दा जन प्रतिनिधियों ने उठाया ।जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शिकायत मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

इस अवसर पर परियोजना निदेशक विक्रम सिंह, वीडियो मानस मित्तल ब्लॉक प्रमुख आशा नेगी, वरिष्ठ उप प्रमुख उधम सिंह, कनिष्ठ उप प्रमुख धर्मेंद्र कुमार, के सी शर्मा, अमित सैनी, अनुराग चौहान, प्रधान विकास चौहान, मोहित चौहान, नीरज चौहान, प्रदीप चौहान आदि जनप्रतिनिधि मौजूद थे।



बैठक में जनप्रतिनिधियों ने जेल निगम के अधिकारियों को खरी खोटी सुनाई

# हिसार में एक लाख 89 हजार 901 टन गेहूं, 29 हजार 279 टन सरसों की खरीद



**हिसार (वार्ता)** हरियाणा के हिसार जिला में अब तक एक लाख 89 हजार 901 टन गेहूं तथा 29 हजार 279 टन सरसों की खरीद की जा चुकी है। गेहूं की खरीद 2125 रुपये प्रति क्विंटल तथा सरसों की खरीद 5450 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा रही है। उपायुक्त उतम सिंह ने ने मंगलवार बताया कि जिला में गेहूं की खरीद का कार्य खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, हैफेड तथा हरियाणा वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन द्वारा की जा रही है। अब तक 1 लाख 89 हजार 901टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा 67 हजार 677 टन, हैफेड 99 हजार 728 टन तथा हरियाणा वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन 22 हजार 496 टन गेहूं खरीदा गया है। उन्होंने बताया कि तीनों खरीद एजेंसियों ने 19 हजार 530 किसानों के गेंहू की खरीद की है, जिनमें खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने 5204, हैफेड ने 12 हजार 366 तथा हरियाणा वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन ने 1960 किसानों के गेंहू की खरीद की है। राज्य सरकार के निर्देशानुसार किसानों को गेंहू का भुगतान शीघ्र किया जा रहा है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा किसानों को 32 करोड़ 82 लाख रुपये, हैफेड द्वारा 19 करोड़ 17 लाख रुपये तथा हरियाणा वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन द्वारा 3 करोड़ 43 लाख रुपये की राशि किसानों को प्रदान की जा चुकी है। सभी खरीद केंद्रों पर गेंहू के लिफ्टिंग का कार्य सुचारू ढंग से चल रहा है।

## ड्यूक ने बाजार में उतारी स्प्रिंग समर की शानदार कलेक्शन



**लुधियाना।** ड्यूक भारत का सबसे विश्वसनीय और पसंदीदा लाइफ स्टाइल ब्रांड आपके लिए अपना नवीनतम समर कलेक्शन 2023 ला रहा है। हमारे समर कलेक्शन के साथ समर वेव्स का आनंद लें। ड्यूक-2023 का स्प्रिंग समर कलेक्शन अर्बन स्ट्रीट कैजुअल स्मार्ट फैशन से प्रेरित है। ड्यूक ने सुनिश्चित किया है कि उनके ग्राहकों को अंतरराष्ट्रीय फैशन का अनुभव मिले। ड्यूक के नवीनतम संग्रह में टी-शर्ट, शर्ट, ट्राउजर, बरमूडा, कैपरी, लोअर, डेनिम्स, टॉप, जेगिंग्स, एक्टिव वियर, स्पोर्ट्स वियर और फुटवियर शामिल हैं। इस साल के संग्रह का विचार कहता है 'फैशन की गर्मी को बढ़ाएं, इस गर्मी में हमारे ब्रांड के नए संग्रह के साथ एक नयापन लाएं। इसे पहने बिना आपका परफेक्ट लुक पूरा नहीं होता है। इस संग्रह का उद्देश्य आपको अपने दैनिक जीवन में असाधारण महसूस कराना है। ड्यूक फैशन के निदेशक कुंतल जैन का कहना है कि हमारा मुख्य ध्यान हमेशा हमारे ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करने और उन्हें अलमारी के लिए आवश्यक चीज़ देने पर रहा है। हमारी टीम आपको नवीनतम रुझान प्रदान करने के लिए अथक प्रयास करती है। जब भी हम अपने संग्रह का निर्माण शुरू करते हैं, तो ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए करते हैं।

## खरीद एजेंसियों द्वारा की गई कटौती की प्रतिपूर्ति पंजाब सरकार करेगी:सूदन



**अमृतसर (वार्ता)।** पंजाब में अमृतसर के जिला उपायुक्त हरप्रीत सिंह सूदन ने मंगलवार को कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार के लिए गए निर्णय के अनुसार बदरंग या गेहूं के सूखे दानों के कारण कीमत में किसी भी कटौती की भरपाई पंजाब सरकार की ओर से की जाएगी। श्री सूदन ने कहा कि किसान को सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम मूल्य 2125 रुपये प्रति क्विंटल मिलेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी किसान को मूल्य कटौती के माध्यम से पहले ही भुगतान प्राप्त हो चुका है, तो भी कम की गई राशि उसके खाते में भेजी जाएगी।

उपायुक्त ने किसानों से अपील की कि दाम घटने से घबराएं नहीं। उन्होंने कहा कि किसान बाजार में सूखा और साफ गेहूं लेकर आएं। उन्होंने खरीद एजेंसियों को यह भी निर्देश दिया है कि कीमतों में कमी को लेकर किसानों को कोई परेशानी नहीं होने दी जाए और इस मामले में किसी भी किसान की ओर से शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ठाकुर.संजय

## रुपया सपाट

**मुंबई (वार्ता)।** चीन का आर्थिक विकास आंकड़ा अनुमान से अधिक मजबूत रहने से दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के कमजोर पड़ने के बावजूद स्थानीय स्तर पर शेयर बाजार में लगातार जारी गिरावट के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया एक पैसे फिसलकर 82.02 रुपये प्रति डॉलर रहा। इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 82.01 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था।

शुरुआती कारोबार में रुपया दो पैसे की बढ़त लेकर 81.99 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान आयातकों एवं बैंकरों की बिकवाली से 81.98 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। हालांकि लिवाली होने से यह 82.09 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर पर भी रहा। अंत में पिछले दिवस के 82.01 रुपये प्रति डॉलर के मुकाबले एक पैसे फिसलकर 82.02 रुपये प्रति डॉलर रहा।




## ईद-उल-फितर पर कैफे अकासा में नयी पेशकश

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** नई एयरलाइन कंपनी अकासा एयर ने ईद-उल-फितर के उपलक्ष्य में अपनी इनफ्लाइट मील सर्विस कैफे अकासा ने नये व्यंजनों की पेशकश की घोषणा की है। एयरलाइन ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह पेशकश 30 अप्रैल तक जारी रहेगी। अकासा एयर के ग्राहक पारंपरिक मीठे सेवइयां (सेंवई) और कारमेल-स्वाद वाले खजूर के साथ-साथ अकासा एयर रूट नेटवर्क में सभी उड़ानों पर पेय के विकल्प के साथ मटन कीमा पफ के साथ विशेष भोजन का आनंद ले सकेंगे। ये पेशकश अकासा एयर की वेबसाइट या मोबाइल ऐप पर प्री-बुकिंग और ऑनलाइन ट्रैव एजेंटों (ओटीए) का चयन करने पर उपलब्ध है। इस पेशकश का उद्देश्य ग्राहकों को उत्सव का लुत्फ उठाना और अकासा एयर की सिग्नेचर सर्विस में अवसर की भावना जोड़ना है।

## तनिष्क के 'स्टनिंग एवरी ईयर' कलेक्शन संग मनाएं अक्षय तृतीया




**चंडीगढ़।** दुनिया भर में कई संस्कृतियों में सोने को अनन्यसाधारण महत्त्व दिया गया है। सोना यानी पवित्रता, राजसी शान और शुद्धता का प्रतीक है। अक्षय तृतीय के शुभ अवसर पर भारत के सबसे बड़े ज्वेलरी ब्रांड और टाटा समूह के एक सदस्य तनिष्क ने सोने और हीरों से बने आधुनिक ईयररिंग्स का शानदार कलेक्शन 'स्टनिंग एवरी ईयर' प्रस्तुत किया है। एक नया कलेक्शन पेश कर तनिष्क ने इसमें और अधिक विविधता, लालित्य और आधुनिकता को जोड़ा है। यहां ईयररिंग्स के हर जोड़े की अपनी कहानी है। नए कलेक्शन में इयररिंग्स की विशाल रेंज है, जिसे हर महिला के स्वाद, शैली, पोशाक और हर अवसर के अनुरूप बनाया गया है। इनमें पारंपरिक झुमके, खूबसूरत स्टड्स, मॉडर्न ड्रॉप इयररिंग्स आदि शामिल हैं। इस वर्ष अक्षय तृतीय के अवसर पर तनिष्क ने इयररिंग्स के मनमोहक, शानदार कलेक्शन के साथ आकर्षक ऑफर भी पेश किए हैं, जो इस त्योहार में तनिष्क के गाहकों के लिए निश्चित रूप से समृद्धि और खुशियां लेकर आएंगे। तनिष्क ने 14 से 24 अप्रैल तक सोने के आभूषणों के मेकिंग चार्जेस और हीरों के गहनों के मूल्य पर 20 फीसदी की भारी छूट देने की घोषणा की है। ग्राहक भारत के किसी भी दूसरे ज्वेलर्स से खरीदे सोने के गहनों को तनिष्क के शोरूम में एक्सचेंज करवाकर 100 फीसदी मूल्य पा सकते हैं।

### एडवांस बुकिंग की भी सुविधा

उपभोक्ता एडवांस बुकिंग करके गोल्ड रेट प्रोटेक्शन का भी लाभ उठा सकते हैं और 30 अप्रैल, 2023 तक सोने की बढ़ती कीमतों से सुरक्षित रह सकते हैं।

# वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिए ऑस्ट्रेलिया ने की टीम की घोषणा



**नई दिल्ली।** वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप और इंग्लैंड के खिलाफ एशेज सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया ने 17 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबल भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 7 जून 2023 को लंदन के 'द ओवल' में खेला जाएगा। वहीं, एशेज सीरीज के शुरूआत 16 जून को होगी। सीरीज का आखिरी मैच 27 जुलाई को खेलाज जाएगा।

ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में मिचेल मार्श और बल्लेबाज मार्कस हैरिस की वापसी हुई है। इसके अलावा विकेटकीपर बल्लेबाजी जोश इंगलिस को भी टीम में शामिल किया गाय है। मिचेल मार्श ने अपना आखिरी टेस्ट 2019 एशेज सीरीज़ में और मार्कस हैरिस ने जनवरी, 2022 में खेला था। मिचेल मार्श दिनों IPL 2023 खेल रहे हैं।

टीम में चार मुख्य तेज़ गेंदबाज़ शामिल किए हैं, जिसमें कप्तान पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क, जोश हेज़लवुड और स्कॉट बोलैंड शुमार हैं। इसके अलावा कैमरून ग्रीन और मिचेल मार्श पार्ट टाइम फास्ट बॉलर के रूप में हैं। वहीं, नाथन लियोन और टॉड मर्फी की जोड़ी स्पिन विभाग संभालेगी।

### यह है ऑस्ट्रेलिया की स्क्वाड

पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरन ग्रीन, मार्कस हैरिस, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिशेल मार्श, टॉड मर्फी, मैथ्यू रेनशॉ, स्टीव स्मिथ (उपकप्तान), मिशेल स्टार्क और डेविड वार्नर।

# L 2023 : मुंबई इंडियंस की तीसरी जीत, सनराइजर्स हैदराबाद से 14 रन से जीत लिया मैच



**हैदराबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग का 25वां मुकाबला मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला गया, जिसे मुंबई ने 14 रन से जीत लिया। हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में हैदराबाद ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। मुंबई ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 192 रन बनाए। फिर मुंबई ने 193 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद टीम को 19.5 ओवर में 178 रन पर रोक मैच अपने नाम कर लिया। यह मुंबई इंडियंस की तीसरी जीत है। इससे पहले मुंबई के लिए बल्लेबाजी करते हुए कैमरून ग्रीन ने आईपीएल करियर की पहली फिफ्टी लगाई। हैदराबाद के लिए मार्को यानसेन ने दो विकेट लिए। मुंबई इंडियंस के ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन ने 33 गेंदों में अपनी फिफ्टी पूरी की। आईपीएल के डेब्यू सीजन में ग्रीन का यह पहला ही अद्र्धशतक है। ग्रीन 64 के स्कोर पर नाबाद लौटे। ग्रीन के अलावा ईशान किशन ने 38, तिलक वर्मा ने 37 रन बनाए।

## अतंरराष्ट्रीय

# झड़पों में 270 लोगों की मौत, 2600 से ज्यादा घायल



**खार्तूम।** सूडान के स्वास्थ्य आपात संचालन केंद्र ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) को सूचित किया है कि सूडान में संघर्ष में करीब 270 लोग मारे गए हैं और 2,600 से अधिक घायल हुए हैं। यह जानकारी डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अदनोम घेब्रेयसस ने दी। इससे पहले डब्ल्यूएचओ ने कहा था कि सूडान में 185 लोग मारे गए हैं और लगभग 1800 घायल हुए हैं।

महानिदेशक ने एक ब्रीफिंग में कहा कि सूडान गणराज्य में स्थिति गंभीर रूप से चिंताजनक है। सूडान के स्वास्थ्य आपातकालीन संचालन केंद्र ने रिपोर्ट दी है कि 270 लोग मारे गए हैं और 2600 से अधिक लोग घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी खबरें थीं कि देश में कुछ चिकित्सा सुविधाओं को लूटा जा रहा है या सैन्य उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि सूडान के अस्पतालों में चिकित्सा कर्मियों और आपूर्ति की कमी के साथ-साथ बिजली की कमी, बिजली जनरेटर के लिए ईंधन की कमी, पानी की कटौती और अन्य कारक हैं, जो स्वास्थ्य कर्मियों और एंबुलेंस के लिए चुनौतियां पैदा करते हैं और अधिक जीवन को जोखिम में डालते हैं। महानिदेशक ने कहा कि डब्ल्यूएचओ सभी पक्षों से अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों का पालन करने के लिए कहता है। स्वास्थ्य सुविधाएं और श्रमिकों को कभी भी लक्ष्य नहीं होना चाहिए।

# तेजी से परमाणु हथियार बढ़ा रहा चीन, NATO का दावा- 2035 तक हो जाएंगे 1500 परमाणु हथियार




**मॉस्को।** उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने मंगलवार को कहा कि चीन के पास 2035 तक करीब 1,500 परमाणु हथियार होंगे लिहाजा गठबंधन को "अधिक खतरनाक और प्रतिस्पर्धी दुनिया" के लिए अपने दृष्टिकोण पर पुनर्विचार करने और इसे अपनाने की जरूरत है। शस्त्र नियंत्रण, निरस्त्रीकरण और सामूहिक विनाश अप्रसार के हथियारों पर 18वें वार्षिक नाटो सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए स्टोलटेनबर्ग ने कहा, "रूस हमारी सुरक्षा के लिए सबसे सीधा खतरा है। लेकिन व्यापक वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य भी परेशान कर रहा है।

उन्होंने कहा कि चीन अपनी क्षमताओं के बारे में बिना किसी पारदर्शिता के अपने परमाणु शस्त्रागार को तेजी से बढ़ा रहा है। ईरान और उत्तर कोरिया खुले तौर पर अपने स्वयं के परमाणु कार्यक्रम और वितरण प्रणाली विकसित कर रहे हैं।" .. लंबी अवधि में, हमें एक अधिक खतरनाक और प्रतिस्पर्धी दुनिया के लिए अपने दृष्टिकोण पर फिर से विचार करने और उसे अनुकूलित करने की आवश्यकता है और इसका मतलब चीन के साथ मुकाबला है। जिसके पास 2035 तक 1,500 परहमाणु हथियार होने का अनुमान है, ।"

ग्रुप ऑफ सेवन (जी-7) ने मंगलवार को चीन से देश के परमाणु शस्त्रागार के कथित विस्तार के बीच अमेरिका के साथ रणनीतिक जोखिम कम करने की चर्चा में शामिल होने का आह्वान किया और उन वस्तुओं और प्रौद्योगिकियों को नियंत्रित करने के महत्व की पुष्टि की, जिनका इस्तेमाल सैन्य उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। मुख्य रूप से बहुपक्षीय निर्यात नियंत्रण व्यवस्थाओं के माध्यम से।" चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने उसी दिन, कहा कि जी 7 देश अंतरराष्ट्रीय परमाणु निरस्त्रीकरण प्रणाली को लगातार कमजोर करते हुए दूसरे देशों की परमाणु नीतियों की मनमाने ढंग से आलोचना करते हैं।

# राज्य में 18 हजार पॉलीहाउस की स्थापना के लिए 280 करोड़ रुपए हुए स्वीकृत : मुख्यमंत्री धामी

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को जीएमएस रोड स्थित वाडिया भू विज्ञान संस्थान में इंडो डच हार्टिकल्चर एवं कोका कोला इंडिया द्वारा आयोजित "संकल्प से परिवर्तन की ओर" कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने सेब उत्पादन के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले कृषकों को सम्मानित किया। उन्नति एप्पल योजना के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने के लिए इंडो डच हार्टिकल्चर एवं कोका कोला इंडिया द्वारा सहयोग दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जीवन में किसी लक्ष्य को पाने के लिए संकल्प के साथ आगे बढ़ना बहुत जरूरी है। जब हम किसी लक्ष्य को पूरा करने का संकल्प लेते हैं तभी कोई परिवर्तन आता है। कोका कोला इंडिया तथा इंडो डच हॉर्टिकल्चर टेक्नोलॉजी ने जिस कार्य को पूरा करने का संकल्प लिया था, उसे सिद्धि तक पहुंचा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार राज्य में फलों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास कर रही है। इसके अंतर्गत नाबार्ड के सहयोग से 18 हजार पॉलीहाउस की स्थापना के लिए 280 करोड़ की स्वीकृति दी गई है। सेब उत्पादन को ज्यादा से ज्यादा प्रोत्साहित करने के लिए एप्पल मिशन के तहत 35 करोड़ की योजना को भी प्रारंभ किया गया है। राज्य में उच्च मूल्य वाली फसलों कीवी, ड्रैगन फ्रूट, स्ट्रॉबेरी आदि को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि और उद्यान को बढ़ावा देने के साथ ही हमें प्राकृतिक खेती पर अधिक ध्यान देना होगा। हम सेब की प्राकृतिक खेती द्वारा उत्तराखंड के सेब को देश दुनिया में विशिष्ट पहचान दिला सकें, इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। ऐसा कर हम उत्तराखंड में सेब उत्पादन के क्षेत्र में नई क्रांति ला सकते हैं। उन्होंने कहा प्रदेश में उद्योगों के साथ ही बागवानी के विकास के लिए भी अनुकूल नीति बनाई जा रही है। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि कृषि और बागवानी विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिक राज्य की भौगोलिक परिस्थिति के अनुकूल बागवानी विकास के लिए शोध व अनुसंधान पर विशेष ध्यान देंगे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में एप्पल मिशन के साथ अधिक से अधिक किसानों को जोड़ा जा रहा है। जम्मू कश्मीर और हिमाचल के साथ - साथ उत्तराखंड की भी सेब उत्पादन में विशेष पहचान बने, इसके लिए गुणवत्ता व पैकिंग पर भी ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोका कोला इंडिया तथा इंडो डच हॉर्टिकल्चर टेक्नोलॉजी के सहयोग से प्रदेश में चल रही "उन्नति एप्पल योजना" के बड़े लाभकारी परिणाम सामने आये हैं। उनके द्वारा एक हज़ार बगीचों का कार्य पूरा किया गया है तथा लगभग चालीस हजार लोगों को इसके अंतर्गत ट्रैनिग प्रदान की गयी है। इससे राज्य में किसानों की आय में तेजी से वृद्धि हो रही है। पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि उत्तराखण्ड में उद्यान के क्षेत्र में कार्य करने की अनेक संभावनाएं हैं। राज्य सरकार द्वारा भी औद्यानिकी को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। किसानों के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि योजनाओं को सफल बनाने में जनता की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सेब, कीवी, मौनपालन, मशरूम आदि के क्षेत्र में राज्य में काफी अच्छे कार्य हो रहे हैं।

इस अवसर पर उन्नति एप्पल योजना से लाभान्वित किसानों ने भी अपने अनुभव साझा किये। उन्होंने कहा कि अच्छी गुणवत्ता के पौध उपलब्ध होने से उनकी सेब की उत्पादकता बढ़ी है। इस अवसर पर कोका कोला इण्डिया की उपाध्यक्ष श्रीमती देवयानी राजलक्ष्मी राणा, निदेशक राजेश अयापिला, श्री अशोक बेरी, श्री सुधीर चड्ढ़ा एवं राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से आये कृषक उपस्थित थे।





## छोटी खबरें

### एनएमसीजी ने नमामि गंगे के तहत 638 करोड़ रुपए की आठ परियोजनाओं को मंजूरी दी

**नईदिल्ली।** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) ने मंगलवार को नमामि गंगे के तहत 638 करोड़ रूपए की आठ परियोजनाओं को मंजूरी दी जिसमें उत्तर प्रदेश के शामली जिले में हिंडन नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने की चार परियोजनाएं शामिल हैं। जल शक्ति मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) की 48वीं कार्यकारी समिति की बैठक में इन परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। इस बैठक की अध्यक्षता एनएमसीजी के महानिदेशक जी अशोक कुमार ने की। आधिकारिक बयान के अनुसार, बैठक में 638 करोड़ रूपए की आठ परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। इसमें उत्तर प्रदेश के शामली जिले में यमुना की सहायक नदी हिंडन को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए 407.39 करोड़ रूपए की चार परियोजनाएं शामिल हैं।

### उत्तराखंड : स्कूल जाने के बजाय शराब के नशे में धुत मिला शिक्षक, निलंबित

**गोपेश्वर।** उत्तराखंड के चमोली जिले के नंदानगर विकासखंड में कथित तौर पर नशे में धुत पाए गए एक शिक्षक को प्रारंभिक जांच के बाद निलंबित कर दिया गया है। शिक्षा विभाग के सूत्रों ने यहां बताया कि दूरस्थ स्यारी गांव के प्राथमिक स्कूल में पढ़ाने वाले शिक्षक महेंद्र लाल को निलंबित कर दिया गया है। इस शिक्षक का कथित तौर पर सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी प्रसारित हुआ था। स्यारी गांव के ग्रामीणों ने शिकायत की थी कि शिक्षक स्कूल में पढ़ाने के बजाय अपने कमरे में शराब पीकर पड़ा हुआ था। खंड शिक्षा अधिकारी नंदानगर की ओर से कराई गई जांच में शिकायत की पुष्टि होने के बाद शिक्षक को निलंबित कर दिया गया। उसकी जगह विद्यालय में एक अन्य शिक्षक को नियुक्त कर दिया गया है। स्यारी गांव के इस विद्यालय में लगभग 30 छात्र अध्ययनरत हैं।

### बिहार जहरीली शराबः मृतक संख्या 31 हुई

**मोतिहारी।** बिहार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को मांग की कि जहरीली शराब के सेवन से जिन लोगों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हुई हैं, बिहार सरकार को उन लोगों को मुआवजा देना चाहिए और राज्य के शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने के आरोप में जेल में बंद हजारों लोगों को रिहा करना चाहिए। पार्टी का यह बयान ऐसे समय में आया है जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में जहरीली शराब के पीड़ितों को मुआवजा देने पर यू-टर्न लेते हुए शराब के सेवन से मरने वाले लोगों के परिजनों को चार-चार लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार और शनिवार की रात मोतिहारी में संदिग्ध जहरीली शराब के सेवन से पांच और लोगों की मौत होने के बाद मंगलवार को मृतक संख्या बढ़कर 31 हो गई।

### अतीक और अशरफ की हत्या मामले में पांच पुलिसकर्मी निलंबित

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की पुलिस हिरासत में हुई हत्या के मामले में शाहगंज थाना के एसएचओ अश्वनी कुमार सिंह समेत पांच पुलिसकर्मियों को बुधवार को निलंबित कर दिया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने इसकी सूचना दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि अतीक और अशरफ हत्या मामले में शाहगंज थाना के एसएचओ अश्वनी कुमार सिंह, एक उप निरीक्षक और तीन कांस्टेबल को बुधवार को निलंबित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि एसआईटी की जांच में दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही पाए जाने पर यह कदम उठाया गया है। उल्लेखनीय है कि शनिवार को माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की पुलिस हिरासत में उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी जब पुलिस उन्हें लेकर चिकित्सा परीक्षण के लिए शाहगंज थाना अंतर्गत काल्विन अस्पताल परिसर में दाखिल हुई थी।

## देश में कोरोना संक्रमितों की संख्या 63 हजार पार, 24 घंटे में सामने आए दस हजार से ज्यादा नए केस



**नई दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे के दौरान कोविड संक्रमण के 10 हजार से ज्यादा नए मामले सामने आए हैं और इसके साथ ही संक्रमित व्यक्तियों की कुल संख्या 63 हजार से अधिक हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि देश में पिछले 24 घंटे के दौरान 10542 नए लोग कोविड संक्रमित हुए हैं।

इसके साथ ही कोविड संक्रमितों की संख्या 63562 हो गई है और संक्रमण दर 4.39 प्रतिशत दर्ज की गई है। मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटे में 8175 व्यक्ति कोविड संक्रमण से उबर गए हैं।

स्वस्थ होने की दर 98.67 प्रतिशत है। इसी अवधि में 240014 कोविड संक्रमण परीक्षण किए गए हैं। पिछले 24 घंटे के दौरान 487 कोविड टीके लगाए गए हैं। इसके साथ ही देश में 220.66 करोड से अधिक कोविड टीके लगाए जा चुके हैं।

## दिल्ली के पहले अंतरराष्ट्रीय फिल्मोत्सव में करीब 200 फिल्मों और वृत्तचित्रों का प्रदर्शन होगा




**नईदिल्ली।** दिल्ली सरकार द्वारा अगस्त में आयोजित पहले अंतरराष्ट्रीय फिल्मोत्सव के दौरान दुनिया भर की करीब 200 फिल्मों और वृत्तचित्रों का प्रदर्शन किया जाएगा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी और कहा,"हमारे राष्ट्र का अपमान करने वाली फिल्मों को छोड़कर सभी तरह की फिल्में समारोह में दिखाई जाएंगी। फिल्म महोत्सव यहां सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम में 17 से 25 अगस्त के बीच होगा। आयोजन में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कई सेमिनार, कार्यशालाएं और विचार-विमर्श कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आम आदमी पार्टी (आप) नीत दिल्ली सरकार ने पिछले साल अपने रोजग़ार बजट में घोषणा की थी कि वह फिल्म महोत्सव की मेजबानी करेगी, लेकिन दिल्ली नगर निगम के चुनावों और आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण इस योजना पर अमल नहीं किया जा सका। अधिकारी ने कहा,"ब्योरे को अंतिम रूप दिया जा रहा है, लेकिन हमारी योजना 200 फिल्मों और वृत्तचित्रों के प्रदर्शन की है। यह एक गैर-प्रतिस्पर्धी फिल्म महोत्सव होगा।

# युवाओं ने युवाओं को दिया ड्रग्स से दूर रहने का संन्देश




**सलाद प्रतियोगिता अर्शिका, अंजली भट्ट व आयुष सिंह रौथाण की टीम ने किया प्रथम स्थान प्राप्त**

सुमित यशकल्याण,उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** एस.एम.जे.एन. पी.जी. कॉलेज में आज आन्तरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ द्वारा सलाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सलाद प्रतियोगिता में अर्शिका वर्मा, अंजली भट्ट आयुष सिंह रौथाण की टीम ने प्रथम स्थान, दिव्यांशी भूमीज ने द्वितीय, छवि वर्मा ने तृतीय तथा गौरव बंसल ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। सलाद प्रतियोगिता की थीम एंटी ड्रग कैम्पेन एवं जी -20 था।

सलाद प्रतियोगिता को जी-20 कार्यक्रमों के अन्तर्गत एंटी ड्रग्स से जोड़कर प्रतिभागियों से उनकी राय भी ली। सभी प्रतिभागियों ने इस विषय पर अपनी-अपनी राय रखी। युवाओं का कहना था कि महाविद्यालय का एंटी ड्रग्स क्लब बेहद सन्तोषजनक ढंग से कार्य कर रहा है तथा वे इस क्लब से जुड़कर गौरवान्वित महसूस करते हैं। अधिकांश छात्र-छात्राओं का कहना था कि वे स्वयंसेवी के रूप में युवाओं में ड्रग्स की लत की सूचना मिलने पर व्यक्तिगत स्तर पर पीड़ित को ड्रग्स से दूर करने का कार्य करते हैं। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार बत्रा ने सभी प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनायें देते हुए कहा कि हमारा देश 65 प्रतिशत युवाओं का देश है। हमारे प्रदेश के युवाओं को आवश्यकता है कि वे ड्रग्स के विरुद्ध सजग रहें और दूसरों को भी जागरूक बनायें। उन्होंने महाविद्यालय के एंटी ड्रग्स क्लब की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर एंटी ड्रग्स क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. मनोज कुमार सोही एवं उनकी टीम भी उपस्थित थी।




# जिलाधिकारी के निर्देश पर 5 जोन बनाकर फुटपाथों से हटाया गया अतिक्रमण



उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**देहरादून ।** जनपद में अतिक्रमण से बाधित सड़कों एवं फुटपाथों से अतिक्रमण हटाए जाने हेतु जिलाधिकारी सोनिका के निर्देशन पर 05 जोन बनाए गए है, जिनके लिए नगर निगम, पुलिस, प्रशासन की अलग-अलग संयुक्त टीम बनाकर प्रथम चरण में अतिक्रमण हटाए जाने की कार्यवाही की जा रही है। प्रथम जोन मोहब्बेवाला से राजपुर रोड़, द्वितीय जोन धूलकोट से कुआंवाला द्वितीय बिन्दाल से प्रेमनगर, सुभाष रोड -क्रास रोड, तृतीय सर्वे चैक से कृषाली चैक (सहस्त्रधारा रोक डाकपट्टी, चतुर्थ ट्रांसपोर्ट नगर से गढ़ी कैंट व आईएसबीटी चैक से रिस्पना पुल, लाल पुल, कारगी चैक, शिमला बाईपास चैक से बड़ोवाला चैक तथा मोहब्बेवाला से राजपुर, पांचवा जोन छः नंबर पुलिया से हाथीखाना, अस्थल मालदेवता तथा कुठाल गेट तक अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई।

पांचो टीमों द्वारा अपने-अपने जोन में चिन्हित 30 स्थानों से अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही की गई। प्राप्त सूचना के अनुसार नगर निगम देहरादून द्वारा कुल 77 चालान करते हुए लगभग धनराशि रू0 79100 अर्थदण्ड की कार्यवाही तथा पुलिस टीम द्वारा 46 चालान करते हुए लगभग धनराशि रू0 22000 के अर्थदण्ड की कार्यवाही की गयी।



**नगर निगम देहरादून द्वारा कुल 77 चालान करते हुए लगभग 79100 की धनराशि वसूली**

**पुलिस टीम द्वारा 46 चालान करते हुए लगभग 22000 की धनराशि वसूली**

## कर्नाटक चुनाव: कांग्रेस ने शेट्टर को दिया टिकट, मुख्यमंत्री बोम्मई के खिलाफ मोहम्मद युसूफ सवानूर को उम्मीदवार बनाया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को सात उम्मीदवारों की अपनी चौथी सूची जारी की, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टर का नाम भी शामिल है। शेट्टर हाल में भारतीय जनता पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए थे। पार्टी की ओर से जारी सूची के अनुसार, शेट्टर को हुबली धारवाड़ मध्य सीट से टिकट दिया गया है। वह इसी सीट से छह बार के विधायक हैं। कांग्रेस ने मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के खिलाफ शिगगांव सीट पर मोहम्मद युसूफ सवानूर को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने चिकमगलूर से एच डी थमैया को उम्मीदवार बनाया है। वहां से भाजपा के वरिष्ठ नेता सी टी रवि मौजूदा विधायक हैं। कांग्रेस ने गत 15 अप्रैल को 43 उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की थी। इसमें कोलार विधानसभा क्षेत्र में कोथुर जी मंजूनाथ को उम्मीदवार बनाया गया था।




स्वामी, मुद्रक प्रकाशक/संपादक- विकास गर्ग ने भगवती प्रिंटिंग प्रेस, इंडस्ट्रियल एरिया, हरिद्वार उत्तराखंड से मुद्रित करवाकर 54 आवास विकास, विवेक विहार, रानीपुर मोड़, हरिद्वार उत्तराखंड से प्रकाशित किया।
प्रकाशक / संपादक: विकास गर्ग- फोन : 9897766448, : मुख्य संपादक / सुमित तिवारी- फोन : 8077771906 : Email : uttarakhandprahari19@Gmail.com